# यूपी के सोलर पैनल मॉडल की देश में मिसाल दी जा रही

- बिहार, असम जाकर यूपी के विशेषज्ञों ने दी जानकारी
- यूपी में अब तक तीन लाख से ज्यादा सोलर लग चुके

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी के सोलर पैनल मॉडल की सफलता पूरे देश में केस स्टडी बन रही है। बिहार और असम समेत अन्य राज्यों की मांग पर प्रदेश के सोलर एक्सपर्ट वहां जाकर यहां का सोलर मॉडल के बारे में जानकारी दी। अन्य राज्य यूपी की कार्यप्रणाली का अध्ययन करके अपने यहां इसी तर्ज पर व्यवस्था लागू कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के एमडी व निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बिहार और असम को यूपी के सोलर मॉडल पर प्रशिक्षण व प्रस्तुतिकरण दिया गया। कई अन्य राज्यों ने भी यूपी के सोलर मॉडल का अध्ययन करने की इच्छा जाहिर की है। यूपी को अब तक रूफटॉप सोलर संयत्र के लिए 10,43,102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3,34,084 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।